प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 रविवार   दिनांक 07.12.2025

मुख्य समाचारः–

- मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन की खरीदी–बिक्री से जुड़ी कलेक्टर गाइड–लाइन की दरों में की गई बढ़ोतरी से यदि जनता को कोई परेशानी हो रही है, तो सरकार इस पर विचार करेगी।

- सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश उन वीर सैनिकों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता है जो अटूट साहस के साथ देश की रक्षा करते हैं।

- राज्य सरकार ने एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन की समय–सीमा पंद्रह दिसंबर तक बढ़ा दी है।

- जशपुर जिले में बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत।

<u>मुख्यमंत्री–जमीन गाइड लाइन</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि जमीन से संबंधित नई कलेक्टर गाइड–लाइन्स के बाद दरों में जो बढ़ोतरी हुई है, उससे यदि जनता को कोई कष्ट हो रहा है, तो निश्चित रूप से इस पर सरकार विचार करेगी। उन्होंने कहा कहा कि इस बारे में मंथन किया जा रहा है। आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार सत्रह से कलेक्टर गाइड लाइन दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई थी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में जमीन खरीद–बिक्री के लिए कलेक्टर गाइड लाइन दरों में हाल ही में वृद्धि की गई है। इसे लेकर रियल स्टेट कारोबारियों और किसान तथा निवेशकों में आक्रोश देखा जा रहा

है। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस वृद्धि को स्थगित करने और विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर इसका परीक्षण कराने के संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है।

<u>सशस्त्र सेना झंडा दिवस</u>

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश उन वीर पुरुषों और महिलाओं के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता है जो अटूट साहस के साथ देश की रक्षा करते हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि सैनिकों का अनुशासन, दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस लोगों की रक्षा करता है और राष्ट्र को मजबूत बनाता है। श्री मोदी ने देशवासियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

वहीं, सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर रायपुर में लोकभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने शहीदों के परिजनों और वीरता अलंकरण प्राप्त सैनिकों तथा झण्डा दिवस के अवसर पर विशेष योगदान देने वाले दानदाताओं को सम्मानित भी किया। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस में सबसे ज्यादा राशि एकत्रित करने के लिए रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को प्रथम पुरस्कार और दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह को द्वितीय पुरस्कार और राज्यपाल ट्राफी प्रदान की गई।

इस बीच, छत्तीसगढ़ राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के सचिव ब्रिगेडियर विवेक शर्मा ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर में सौजन्य भेंट कर उन्हें सशस्त्र सेना झंडा दिवस के प्रतीक स्वरूप सम्मान बैज लगाया और सैनिक कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों और योजनाओं की जानकारी दी।

<u>इंडिगो–निर्देश</u>

नागर विमानन महानिदेशालय–डीजीसीए ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स और एकाउंटेबल मैनेजर इसीड्रो पोर्क्यूरस को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और बड़े पैमाने पर उड़ाने रद्द होने को लेकर चौबीस घण्टे के भीतर जवाब देने को कहा है।

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि उनका विभाग स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं।

हमने इंडिगो को निर्देश दिया है कि 48 घंटे के भीतर वे सभी बैगेज यात्रियों के घरों तक पहुँचा दें। यह उनकी ज़िम्मेदारी है, इसलिए हमने अधिकतम जवाबदेही इंडिगो पर ही डाली है, क्योंकि समस्या उनकी आंतरिक संचालन प्रक्रिया से ही शुरू हुई थी। हम लगातार में स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। मैं आपको बता सकता हूँ कि पिछले दो–तीन दिनों से हम मंत्रालय में ही लगातार फैसले ले रहे हैं ताकि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो।

इस बीच, सरकार ने इंडिगो को रद्द या बाधित उड़ानों के लिए यात्रियों के सभी लंबित रिफंड बिना किसी देरी के जारी करने के निर्देश दिए हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने आदेश दिया है कि ऐसी सभी उड़ानों के लिए रिफंड आज रात आठ बजे तक पूरा हो जाना चाहिए।

"परीक्षा पे चर्चा"

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम के नौवें संस्करण से पहले माई जीओवी पोर्टल पर एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता चल रही है। यह ऑनलाइन प्रतियोगिता अगले साल ग्यारह जनवरी तक चलेगी। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठवी से बारहवीं तक के छात्र, षिक्षक और अभिभावक भाग ले सकते हैं। पंजीकृत प्रतिभागियों को माई जीओवी पोर्टल की ओर से भागीदारी का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। "परीक्षा पे चर्चा" अगले

साल जनवरी महीने में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देष–विदेष के छात्र, अभिभावक और षिक्षक प्रधानमंत्री के साथ परीक्षा के तनाव पर चर्चा करेंगे।

किसान पोर्टल–पंजीयन

राज्य सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन की समय–सीमा पंद्रह दिसंबर तक बढ़ा दी है। लेकिन, इस सुविधा का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा, जो कैरीफारवर्ड, डूबान और वन पट्टाधारी हैं और उनका पंजीयन विभिन्न विभागों में प्रक्रियाधीन है। राज्य शासन ने इस सुविधा का लाभ सुनिष्चित करने के लिए सभी विभागों को निर्देष जारी कर दिए हैं।

धान खरीदी

इस बीच, राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला जारी हैं। पांच दिसम्बर तक प्रदेश में बाईस लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के बदले में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत पांच हजार दो सौ सतहत्तर करोड़ रूपए जारी किए गए है।

वहीं, धान के अवैध भंडारण और परिवहन के खिलाफ खाद्य विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। छह दिसंबर तक प्रदेश के विभिन्न जिलों से एक लाख इंक्यावन हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया है।

दुर्घटना

जशपुर जिले में बीती रात कार और ट्रेलर की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। यह हादसा दुलदुला थाना क्षेत्र के पतराटोली के पास हुआ। कार में सवार सभी युवक खटंगा गांव के रहने वाले थे और मनोरा थाना क्षेत्र के मेले से वापस घर लौटे रहे थे, तभी पतराटोली के पास एक ट्रेलर से उनकी टक्कर हो गई।

सूचना मिलते ही दुलदुला पुलिस मौके पर पहुंची। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी ने बताया कि घटना के बाद ट्रेलर चालक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

वहीं, दुर्ग जिले के अंडा थाना क्षेत्र के रिसामा गांव में बीती रात दो तेज रफ्तार मोटर साइकिलों के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल एक अन्य युवक को दुर्ग जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

माओवादी–आत्मसमर्पण/मुठभेड़

मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में आज दस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन सभी ने बालाघाट में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के समक्ष हथियार डाले। इनमें सतहत्तर लाख रूपए का इनामी माओवादी कबीर भी शामिल हैं। वह मध्यप्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़ और ओड़िशा में सक्रिय था और सुरक्षा बलों को लंबे समय से उसकी तलाश थी। आत्मसमर्पण करने वालों में चार महिला माओवादी भी शामिल हैं।

वहीं, आंधप्रदेश के अलूरी सीताराम राजू जिले में भी दो माओवादी पति–पत्नी ने भी आत्मसमर्पण कर दिया है। ये दोनों छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सक्रिय थे। दोनों पर तैंतीस लाख रूपए का इनाम घोषित था।

इस बीच, छत्तीसगढ़–मध्यप्रदेश की सीमा पर मातघाट के पास कल सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। यह क्षेत्र खैरागढ़–गंडई–छुईखदान जिले से लगा हुआ है। इस मुठभेड़ में कोई हताहत नहीं हुआ है।

एसआईआर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर के तहत अब तक प्रदेश में दो करोड़ ग्यारह लाख पंचानवे हजार से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है, जो कुल प्राप्त गणना प्रपत्रों का निन्यानवे दशमलव आठ–तीन प्रतिशत है।

इस बीच, सुकमा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि जिले में एसआईआर का काम तेजी से किया जा रहा है।

<u>रेलवे–स्पेशल ट्रेन</u>

इंडियो एयर लाईन की कई उड़ानों के रद्द होने और सर्दियों में यात्रा के बढ़ते दबाव को देखते हुए भारतीय रेलवे ने कल से अगले दो दिनों के लिए कई ज़ोन में नवासी विशेष रेलगाड़ियां शुरू की हैं। मध्य रेलवे में, पुणे से बेंगलुरु, पुणे से दिल्ली और मुंबई से दिल्ली सहित विभिन्न मार्गों पर चौदह विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा की गई है।

<><><><><>